
हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 1 फरवरी 2024

04 सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शहर के 35...



07 ब्यावरा को मिली एक और बायपास की सौगात...






## खबर संक्षेप

### गुमटी तोड़कर किराने का सामान ले गए चोर

**सीहोर।** सिद्दीकगंज के दुर्गा मंदिर व थाने के पास रोड के साइड में रखी गुमठी को तोड़कर अज्ञात चोर करीब 40 हजार का किराना सामान चुरा ले गए। गांव के सुनील कुमार पिता धन सिंह जाति कुम्हार जो बगवाई माता मंदिर के पास में रखी गुमठी में किराने की दुकान चलाता था। 24 जनवरी की रात अज्ञात चोर गुमठी का ताला तोड़कर व पटिया उखाड़कर उसमें रखा करीब किराने का सामान चुरा ले गए। फरियादी जब सिद्दीकगंज थाने में रिपोर्ट करने गया तो पुलिस ने आवेदन लेकर फरियादी को रवाना कर दिया।

### बस की टक्कर से अतिथि शिक्षक की मौत

**सीहोर।** स्कूल से घर आ रहे एक अतिथि शिक्षक को प्राइवेट स्कूल की बस ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार डोबी निवासी घनश्याम दुबे नारायणपुर गांव के स्कूल में अतिथि शिक्षक पढ़ाई कराकर छुट्टी के बाद डोबी लौट रहे थे। इस दौरान जैत के पास निजी स्कूल की बस ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनके सिर में गहरी चोटें आई हैं। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### न्यायाधीश ने चिकित्सक के विरुद्ध दिए जांच के आदेश

**सीहोर।** न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा द्वारा शासन विरुद्ध गुलाबसिंह आदि में पारित निर्णय में एमएलसी प्रतिवेदन देने वाले चिकित्सक की लापरवाही पाते हुए उनके विरूद्ध योग्य जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश सक्षम प्राधिकारी को दिए गए हैं। प्रकरण में घटना के पश्चात एमएलसी करने वाले चिकित्सक द्वारा दिये गये प्रतिवेदन में आहत के पैर में फिबुला अस्थि में कोई उपहति होना लेख नहीं किया गया था, जबकि विचारण न्यायालय द्वारा आहत के पैर में अस्थि भंग होने के सम्बंध में अन्य साक्ष्य पाए गए एवं इस कारण को एमएलसी के समय चिकित्सक की लापरवाही मानते हुए योग्य जांच के निर्देश दिए हैं।

### दो थानों और एक पुलिस चौकी में प्रभारी बदले

**सीहोर।** सीहोर जिले के दो थानों और एक पुलिस चौकी में प्रभारी बदले गए हैं। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। बताया गया है कि अमलाहा चौकी के प्रभारी अविनाश भोपले को बिलकिसगंज थाना प्रभारी बनाया गया है। चिन्मय मिश्रा को डिसीबी से पार्वती थाना प्रभारी और अजय जोझा को अमलाहा चौकी के प्रभारी पद पर पदस्थ किया गया है।

## पीड़ित छात्रों को धमकाने वाले महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग

# एबीवीपी ने एनएसयूआई प्रदेश और जिला अध्यक्ष पर कॉलेज संचालक को संरक्षण देने का लगाया आरोप

कॉलेज संचालक की कॉल ऑडियो वायरल, संचालक हर्षवर्धन एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष से नजदीकियां का हवाला देकर छात्रों को दे रहे धोंस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कागजों में चल रहे महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक हर्षवर्धन श्रृंगी का कॉलेज के पीड़ित छात्र-छात्राओं के धमकी देने वाला एक ऑडियो वायरल होने के बाद इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी मैदान में उतर आई है। बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक शुभम व्यास के नेतृत्व में परिषद की आष्टा नगर इकाई अध्यक्ष देवेंद्र बागवान नगर मंत्री रजत सोनी, मनीष प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जुलूस के रूप में तहसील पहुंच कर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम आनंद सिंह राजावत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में परिषद ने मांग की है कि आष्टा में बिना मान्यता के बिना भवन, बिना अस्पताल, बिना लैब के महादेव नर्सिंग कॉलेज चल रहा है, जो इस कॉलेज के सैकड़ों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। पिछले चार साल से छात्रों की परीक्षाएं नहीं कराई गई हैं। वहीं मोटी फीस के नाम पर छात्रों से लाखों रुपया ले तो लिया पर उसमें कईयों को रसीद नहीं दी गई। ट्रेंनिग के नाम पर भी पैसे तो वसूले पर ट्रेंनिग नहीं कराई गई। वहीं मंगलवार की रात्रि से एक कॉल ऑडियो वायरल हुआ है। जिसमें एक शख्स एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, सीहोर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर से अपनी नजदीकियां बताते हुए छात्रों को धोस देते हुए सुनाई दे रहा है और आगे इस ऑडियो में विद्यार्थी परिषद को भी चुनौती दी जा रही है। वहीं इस कॉल ऑडियो में जो शख्स छात्रों से बात कर रहा है। उसे महादेव नर्सिंग कॉलेज का संचालक हर्ष वर्धन की आवाज बताई जा रही है। एबीवीपी ने ज्ञापन के माध्यम से महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक पर पुलिस में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और सीहोर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर पर महादेव नर्सिंग कॉलेज संचालक को संरक्षण देकर दलाली करने का गंभीर आरोप लगाए हैं।

**कलेक्टर ने लिया मामले में संज्ञान, जिला स्तरीय 4 सदस्यीय जांच दल का किया गठन**



### कलेक्टर ने 4 सदस्यी जांच दल का किया गठन

महादेव नर्सिंग कॉलेज द्वारा छात्र-छात्राओं से की गई ठगी और उनके सुनहरे भविष्य से किए गए खिलवाड़ मामले में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने 4 सदस्यीय जिला स्तरीय जांच दल का गठन किया है। इस जांच दल में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, सीएमएचओ सुधीर डेहरिया, आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला अधिकारी हिरेंद्र कुशवाहा, सीहोर तहसीलदार रिया जैन को शामिल किया गया है। उक्त जांच दल मामले की जांच कर जांच प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर को सौंपेगा।

### धमकियों व कॉल रिकॉर्डिंग से मचा हड़कंप, मामले ने पकड़ा तूल

दो दिन पूर्व पीड़ित छात्र-छात्राओं ने आष्टा थाने पहुंचकर बिना भवन के कागजों में चल रहे उक्त महादेव नर्सिंग कॉलेज की आष्टा टीआई पुष्पेन्द्रसिंह राठौर को शिकायत की थी, उसके बाद कुछ छात्रों के बयान भी दर्ज हुए। ऐसे में पीड़ित छात्रों को मोबाइल पर धमकियां भी मिलना शूरू हों गई हैं। लिहाजा मंगलवार की रात्री को कॉल रिकॉर्डिंग में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और सिहोर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर का नाम आने से हड़कप मच गया है और ऐसे में अभा विद्यार्थी परिषद ने मौके का फायदा उठाकर फर्जीवाड़ा कर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले महादेव नर्सिंग कॉलेज को संरक्षण देने और दलाली करने के गंभीर आरोप लगा दिए। महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक हर्षवर्धन श्रृंगी से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया तो उन्होंने कॉल रिसिव नहीं किया।

### एनएसयूआई पदाधिकारियों के ऊपर खड़े हुए सवाल

जिस तरह से बीती रात में कॉल रिकॉर्डिंग वायरल हुई और एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्ष और सीहोर जिला अध्यक्ष से नजदीकियां कॉल रिकॉर्डिंग के जरिए मामला सामने आया और पूरे मामले में शुरु से लेकर अब तक एनएसयूआइ स्थानीय लेकर जिले के तमाम पदाधिकारी की खामोसियों से इन पर सवालिया निशान खड़े होते हैं कि आखिर क्यों इस संगठन के बड़े पदाधिकारी खामोश हैं और जो एनएसयूआइ छात्र नेता सामने आकर नर्सिंग छात्रों की आवाज उठा रहे उन्हें भी संगठन से निकालने की धमकी देना कहीं न कहीं जिम्मेदार पदाधिकारियों पर प्रश्न चिन्ह खडे करते हैं।

### जांच दल करेगा मामले की जांच

प्रदर्शनकारी छात्रों को बताया की पुलिस प्रशासन ने इस मामले को संज्ञान में ले लिया है। स्वयं एसडीओपी इसकी जांच कर रहे हैं। वहीं जिले से भी इस मामले की जांच लिए एक दल का गठन हुआ है वो भी इसकी जांच करेगी।

**आनंद राजावत,** एसडीएम आष्टा

## मेडिकल स्टोर और पैथालॉजी लैब खुलवाने के नाम पर 12 लाख की धोखाधड़ी, पुलिस ने किया मामला कायम

**सीहोर।** मेडिकल स्टोर और पैथालॉजी लैब खुलवाने के नाम पर 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अस्पताल संचालक अस्पताल बंद कर गायब हो गया है। कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला कायम कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार ब्रिजीश नगर इछावर हाल सुभाष नगर स्टेशन रोड सीहोर निवासी आवेदिका मंजू मेवाड़ा पत्नी वीरेन्द्र मेवाड़ा (24) पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह लाइफ लाइन अस्पताल शुगर फैक्ट्री चौराहा में नर्सिंग का कार्य करती है। उसे गंगा आश्रम सीहोर के दीर्घायु अस्पताल में नौकरी करते समय पहचान के डॉ. अशोक पिचोनिया ने बताया था कि उसकी आदेश मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल में मेडिकल की दुकान खुलवा देते हैं। मेरे द्वारा मंजूरी देने पर मुझे आदेश मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के संचालक विकास पांडुरंग राने से मिलवाया गया। उन्होंने मुझसे कहा कि हम लोग तुम्हें आदेश मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल सीहोर में एक मेडिकल की दुकान खुलवा देंगे। मेडिकल की दुकान से मिलने वाले लाभ को आपस में बांट लेगें।

यह बात मैने अपने भाई मोहन मेवाड़ा व गांव के आनंद शर्मा को बताई। इसके बाद 20 जून 2022 को मैं और मेरे भाई मोहन मेवाड़ा व आनंद शर्मा को साथ लेकर आदेश मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल सीहोर आए थे। इसके बाद अस्पताल के संचालक विकास पांडुरंग राने से चर्चा हुई थी। चर्चा उपरांत 08 जुलाई 2022 को तहसील कार्यालय से 500 रूपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र लिखवाया गया था। अनुबंध की शर्तो के अनुसार हमने अस्पताल के संचालक विकास पांडुरंग राने को डॉ. अशोक पिचोनिया के सामने दस लाख रूपये नकद और मेरे गांव के आनंद शर्मा ने उसी अस्पताल में पैथोलोजी लैब खुलवाने के नाम पर 1 लाख 89 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से व 11 हजार रुपए नकद दिये थे। संचालक विकास पांडुरंग राने द्वारा आज तक न तो कोई मेडिकल खुलवाया और न ही पैथोलोजी लैब खुलवाई और न ही हमारे पैसे वापस किए। अस्पताल संचालक विकास पांडुरंग सीहोर छोड़कर अस्पताल बंद कर कही चला गया है। उसके मोबाइल नंबर पर फोन लगाने पर बंद आ रहा है। इस प्रकार संचालक विकास पांडूरंग राने व डॉ. अशोक पिचोनिया ने मेरे व मेरे गांव के आनंद शर्मा के साथ धोखाधड़ी कर 12 लाख रुपए की राशि हड़प ली है। कोतवाली पुलिस ने शिकायत पर विकास पांडूरंग राने व डॉ. अशोक पिचोनिया के विरुद्ध अपराध धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया है।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन प्रक्रिया 5 फरवरी से 1 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जित करने के लिए किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। पंजीयन प्रक्रिया 5 फरवरी से 1 मार्च तक किया जाना है। किसान निःशुल्क पंजीयन के लिए तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र, एमपी किसान एप पर किसान पंजीयन 5 फरवरी से 1 मार्च तक निशुल्क कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार जिले में रबी उपार्जन वर्ष



2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान अपनी सुविधा अनुसार निशुल्क पंजीयन कराने के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एंव किसान के आधार से लिंक बैंक खाते, मोबाइल नंबर एंव आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगें। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन उपरांत अधिकृत पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एंव वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस संबंध में शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

## नर्मदा पुल से गिरे तीसरे युवक का तीन दिन बाद मिला शव

**बुदनी।** नर्मदापुरम के बीच पुल से तीन दिन पहले गिरे ट्रैक्टर-ट्रॉली के मामले में लापता तीसरे युवक का शव मंगलवार सुबह मिल गया है। यह पुल से करीब 100 मीटर की दूरीपर पत्थरों में फंसा हुआ मिला। मृतक आरकेएस कंपनी का ही कर्मचारी था जो ब्रिज बना रही है। बता दें कि 27 जनवरीको रात करीब 8.30 बजे बुदनी और नर्मदापुरम के बीच ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए 70 फीट नीचे ट्रैक्टर-ट्रॉली गिर गईथी। इसमें एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि एक का गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। तीसरे व्यक्ति का शव मंगलवार को मिला। जानकारी अनुसार 27 जनवरी की रात करीब 8:30 बजे बुदनी की ओर से नर्मदापुरम की ओर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल पार करते हुए अनियंत्रित होकर नर्मदा पुल की रेलिंग तोड़ते हुए 70 फीट नीचे नर्मदा नदी में जा गिरी थी। ट्रैक्टर-ट्राली में तीन लोग सवार थे। हादसे में एक युवक महेश ठाकुर की मौत हो गई थी। दूसरा लखन सिंह चंद्रावत (30) निवासी जिला मंदसौर घायल हो गया था, जिसका भोपाल मेंउपचार चल रहा है। जबकि तीसरा युवक युवक नंदकिशोर पटेल (30) निवासी जिला सीधी लापताथा। नंदकिशोर को ढूंढने के लिए एसडीआरएफ की 10 सदस्यीय टीम शनिवार रात से ही लगी हुई थी। मंगलवार करीब सुबह करीब 8 बजे युवक का शव नर्मदा नदी में मिला। टीम करीब 60 घंटे से युवक को ढूंढरही थी। बुदनी पुलिस के अनुसार ब्रिज सेगिरा ट्रैक्टर-ट्रॉली आरकेएस कंपनी का है। जो नर्मदा नदी पर नया पुल बना रही है।

## हवा का रुख बदला, पारा 2 डिग्री लुढ़क कर 8.6 डिग्री पर आया



**सीहोर।** एक दिन पहले जहां रात के तापमान में सीधे 4डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई थी, वहीं दूसरे ही दिनहवा का रुख उत्तर-पश्चिमी होने से फिर सेतापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार को तापमान 3 डिग्री लुढ़ककर सीधे 8.6 डिग्रीसेल्सियस पर आ गया। यही नहीं दिन केतापमान में भी 1.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावटदर्ज हुई है। मौसम विभाग का मानना है किअभी ठंड खत्म नहीं हुई है। अभी दिन और रातके तापमान में फिर से गिरावट होगी।इस बार जनवरी महीना आधा बीतने के बादही कड़ाके की ठंड शुरु हुई थी। हालांकि एकदिन पहले मंगलवार को तेज ठंड से राहत मिलीथी और पूर्वी हवा से तापमान में 11.5 डिग्रीतक पहुंच गया था। यही नहीं दिन में भीतापमान 28 डिग्री रिकार्ड किया गया था।लेकिन सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रातअचानक फिर हवा का रुख उत्तर-पश्चिमी होगया। ऐसा होते ही तापमान में गिरावट हुई।बीते दिन की अपेक्षा मंगलवार को अधिकतमतापमान 26.6 डिग्री और न्यूनतम तापमानसीधे 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसमसेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. तोमर ने बताया किअभी ठंड का दौर बना रहेगा। अगले तीन दिनतापमान में तेजी से गिरावट होगी। हवा कीरफ्तार अधिक होने से ठंड का असर ज्यादा रहेगा।

## कुबेरेश्वरधामः सड़क बनने से मुख्य मार्ग 28 तक रहेगा बंद

# उन्नयीकरण : 800 मीटर की सड़क पर हो गए थे गड्ढे, 2.15 किमी लंबी बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वरधाम जाने वाली सड़क लंबे समय से खराब व है। है। हर रोज यहां आने वाले हजारों श्रद्धालु परेशान होते हैं लेकिन इस समस्या का समाधान आज तक नहीं हो सका था। अब इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

कुबेरेश्वरधाम से होकर जाने वाली इस सड़क का 800 मीटर तक का उन्नयीकरण होना है। इसलिए प्रशासन ने मुख्य मार्ग को आवागमन के लिए 28 फरवरी तक पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। कुबेरेश्वर धाम जाने वाली सड़क लंबे समय से खराब हो रही है। हालत यह है कि यहां से निकलना भी कठिन हो रहा है। कुछ समय पहले से यह सड़क खराब हो रही थी। अब तो यहां पर काफी गड्ढे हो गए थे। आने वाले दिनों में कुबेरेश्वरधाम में रुद्राक्ष महोत्सव होना है। इसे देखते हुए इस सड़क की मरम्मत का काम शुरू हो गया है।



फाइल फोटो

**2 करोड़ 63 लाख होंगे खर्चः** पिछले दिनों राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इस सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था। कुबेरेश्वर धाम से चितावलिया तक 2.15 किमी लंबी यह सड़क बनाई जाना है। इस सड़क को बनाने में 2 करोड़ 63 लाख रुपए खर्च होंगे।

**धारा 144 लागू, 28 फरवरी तक प्रभावशीलः** एनएच 86 से पचपिपलिया (कुबरेश्वर धाम) मार्ग का उन्नयीकरण का कार्य चल रहा है। इस सड़क से बड़ी संख्या में कुबेरेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। इस कारण से काम में व्यवधान हो रहा है। मार्ग उन्नयन का कार्य निरन्तर चलता रहे, कलेक्टर एवं इसे देखते हुए अपर अपर जिला दंडाधिकारी वृंदावन सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत एनएच-86 से पचपिपलिया (कुबरेश्वर धाम) मार्ग लंबाई 850 मीटर में आमजन के आवागमन को रोके जाने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इस आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 28 फरवरी तक प्रभावशील रहेगा।

### अब इन मार्गों से पहुंच सकेंगे श्रद्धालु

मुख्य मार्ग पर काम चलने के कारण अब श्रद्धालु दूसरे मार्गो से अंदर जा सकेंगे। इनमें मंदिर परिसर में आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग एनएच-86 बायो डीजल पंप, एनएच-86 भटोनी जोड़ से पचपिपलिया रोड एवं एनएच-86 से चित्तोडिया हेमा खुले रहेंगे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने एफएलसी कार्य का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (बेल) बेंगलुरू के इंजीनियरों द्वारा ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी की एफएलसी की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सीहोर कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस (गोडाउन) पहुँच कर एफएलसी (फ्रर्स्ट लेवल चेकिंग) प्रक्रिया का अवलोकन किया। एफएलसी कर रहे भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड बेल के इंजीनियरों से ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी को लेकर चर्चा की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने 29 जनवरी से चल रहे ईवीएम की एफएलसी कार्य के बारे में विस्तार से अवगत कराया।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने इस दौरान मॉक पोल कर ईवीएम संचालन की प्रक्रिया देखी। उन्होंने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। राजन ने ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा के साथ ही सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था भी देखी। राजन ने संबंधित अधिकारियों को एफएलसी के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी वृंदावन सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने एफएलसी कार्य के निरीक्षण के दौरान उपस्थित राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से चर्चा की और उन्हें एफएलसी कार्य के दौरान नियमित उपस्थिति के लिए कहा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को एफएलसी के दौरान समय समय पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित करने के निर्देश भी दिए।

**खबर संक्षेप**

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 21 मार्च तक

**सीहोर।** सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना 8 फरवरी 2024 को इंडियन आर्मी की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जारी किया जायेगा। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया 8 फरवरी से 21 मार्च 2024 तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर (पुरूष) की जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडसमैन आठवीं पास, ट्रेडसमैन दसवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट, सिपाही फार्मा, हवलदार एसएसी के पदों के लिए जारी किया जायेगा। ऑनलाइन परीक्षा अप्रैल और मई के महीने में होने की संभावना हैं। सेना मुख्यालय ने संशोधन करके सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अधिकार क्षेत्र में अब कुल 15 जिलों को सम्मिलित किया है जिसमें भोपाल, सीहोर, बैतूल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, हरदा, राजगढ, रायसेन, विदिशा, गुना, अशोकनगर, पन्ना, दमोह, नरसिंहपुर और पनधुर्ना हैं। सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल ने इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी है कि अपना यूजर आईडी और पासवर्ड भारतीय सेना की साईट www.joinindianarmy.nic.in पर बनाकर तैयार रखें जिससे आनलाइन पंजीकरण करने में ज्यादा समय ना लगे।

नगर पालिका ने साफ-सफाई के लिए दलेल प्रभारी नियुक्ति किए

# सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शहर के 35 वार्डों में दल का किया गठन

**नगर पालिका परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार को नगर पालिका परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों को सात क्षेत्रों विभाजित कर दलेल प्रभारियों की नियुक्ति की है। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुदंर रखने का प्रयास सामूहिक रूप से सफल हो सकता है। साफ-सफाई एवं स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है। नगर हम सब का है एवं नगर साफ, स्वच्छ रहें यह सब का दायित्व भी है। स्वच्छता का अर्थ होता है हमारे शरीर, मन और हमारे चारों तरफ की गंदगी को दूर कर साफ रखना आवश्यक है। स्वच्छता मानव समुदाय का एक आवश्यक गुण होता है। यह विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव के सरलतम उपायों में से एक है। स्वच्छता जीवन की आधारशिला होती है। इसमें मानव की गरिमा व शालीनता के दर्शन होते हैं। स्वच्छता के द्वारा मनुष्य की सात्विक प्रवत्ति को बढ़ावा मिला है। उचित जन स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए पर्याप्त स्वच्छ्ता एक महत्वपूर्ण पहलू है। इसलिए, नगर पालिका परिषद अपने क्षेत्र में समुचित सफाई और स्वच्छता कायम करने के लिए भी उत्तरदायी है। निश्चित रूप से, नगर पालिका परिषद अपने क्षेत्र में स्वच्छ एवं साफ़ वातावरण कायम करने के लिए उत्तरदायी है।

**शहर के 35 वार्डों को सात क्षेत्रों में विभाजित कर जिम्मेदारी सौंपी :** बैठक के दौरान शहर के 35 वार्डों को सात क्षेत्रों में विभाजित कर दलेल वार्ड सफाई प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। पूरे माह का चार्ट तैयार किया गया है।

## राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम आज, मिलेगा 7 लाख लोगों को काम

**सीहोर।** राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम अब 01 फरवरी को आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में अब 01 फरवरी को मुरैना में प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस के अवसर पर 7 लाख से अधिक युवाओं को एक दिन में 5151 करोड़ 18 लाख 90 हजार की ऋण राशि देकर युवाओं को रोजगार संपन्न बनाने के संकल्प की शुरूआत करेंगे। यह अभूतपूर्व अवसर होगा जब एक दिन में 7 लाख लोगों के हाथों को काम मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह कार्यक्रम 31 जनवरी को होना था। जिला मुख्यालयों में भी अब 01फरवरी को जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। एमएसएमई सचिव एवं उद्योग आयुक्त पी नरहरि ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम के साथ ही सभी जिलों में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम भी होगा, जिसमें युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृति पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का क्षेत्रीय चैनल्स के अलावा सोशल और डिजिटल मीडिया पर भी सीधा प्रसारण होगा।

## दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं : कलेक्टर प्रवीण सिंह

**कलेक्टर ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का किया निरीक्षण**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का कलेक्टर प्रवीण सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुनर्वास केन्द्र में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सामाजिक न्याय विभाग के जिला अधिकारी महेश यादव से दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं और शासन द्वारा संचालित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली।

इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने पुनर्वास केन्द्र के अधिकारियों-कर्मचारियों को दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की सुविधाएं दिव्यांगजनों को बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। पुनर्वास केन्द्र आने पर उन्हें किसी तरह की कमी महसूस न हों। उनका ध्यान अपने परिवारजनों की तरह रखा जाए। श्री सिंह ने पात्रतानुसार सभी दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने समय समय पर दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने दिव्यांगजनों को डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी वितरित किए इसके साथ ही दिव्यांग मानसिक दिव्यांग ज्योति श्रीवास्तव के केयर का अरुण श्रीवास्तव द्वारा लीगल गार्जियनशिप ली गई जिसका प्रमाण पत्र वितरित किया गया ।

## मोहन पाराशर जर्मनी में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व उत्साह के साथ क्षेत्रवासियों ने किया रवाना




**सीहोर।** मात्र 13 साल से ही वेट लिफ्टिंग शुरू करने वाले 64 वर्षीय मोहन पाराशर वर्तमान में युवाओं के आइकान है और जर्मनी के पॉटसडै में आगामी दो फरवरी को खेली जाने वाली वेट लिफ्टिंग मास्टर्स वल्ड चैम्पियनशिप के लिए जिला मुख्यालय के समीपस्थ बिलकिसगंज सहित आस-पास के क्षेत्रवासियों ने उनको उत्साह के साथ रवाना किया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अब तक दो दर्जन से अधिक प्रतियोगिता में गोल्ड सहित अन्य पदक हासिल करने वाले 64 वर्षीय वेट लिफ्टिर श्री पाराशर जर्मनी में होने वाली वल्ड चैम्पियनशिप में 60 से 64 आयु वर्ग में एवं 89 किग्रा भार वर्ग में देश को पदक दिलाने का प्रयास करेंगे।

इससे पहले वह 2021 में आस्ट्रेलिया कामन वेल्थ से स्वर्ण, मार्च 2023 में न्यूजीलैंड के आकलैंड में मास्टर्स वल्ड कप से गोल्ड के साथ ही कामन वेल्थ में गोल्ड के अलावा नवंबर में 2023 में ही ग्रीस के अथेंस से वल्ड अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स वेटलिफ्टिंग में भारत का स्वर्ण पदक दिला चुके है। अब जर्मनी में वेट लिफ्टिंग की अंतर्राष्ट्रीय वल्ड चैम्पियनशिप से भारत को स्वर्ण पदक दिलाने का प्रयास करेंगे। श्री पाराशर का मानना है कि अगर खेल के प्रति हौसला बुलंद हो तो आसानी से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। युवाओं को हर खेल में पूरे हौसले के साथ मैदान में उतर कर मुकाबला करना चाहिए। कुछ करने और सफल होने की कोई उम्र नहीं होती। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बिलकिसगंज निवासी 63 वर्षीय वेट लिफ्टर ने इस बात को सच कर दिखाया है। उन्होंने मात्र 13 साल वेट लिफ्टिंग शुरू की। अब 63 की उम्र में लगातार इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर एकबार फिर खुद को साबित करते आ रहे है।

पूर्व में 63 वर्षीय वेट लिफ्टर पाराशर को न्यूजीलैंड के आकलैंड में मास्टर्स वल्ड कप वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए रवाना किया था। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 से 64 आयु वर्ग के 89 किलोग्राम वर्ग में 140 किलोग्राम वजन उठाकर पहले ही दिन स्वर्ण पदक हासिल किया था। इस प्रतियोगिता में वह मध्य प्रदेश से एक मात्र खिलाड़ी के रूप में गए थे।

## अयोध्या स्पेशल ट्रेन का भी नहीं मिला सीहोर में स्टॉपेज

### हिंदू उत्सव समिति ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**सीहोर।** अयोध्या में भगवान राम मंदिर निर्माण की घोषणा के बाद से ही की जा रही इंदौर अयोध्या स्पेशल ट्रेन की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। लिहाजा अब सप्ताह में एक दिन इंदौर से अयोध्या के लिए सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध रहेगी। यह ट्रेन सप्ताह में 1 दिन इंदौर से अयोध्या के लिए चलेगी जो श्रद्धालुओं को 23 घंटे 10 मिनट में इंदौर से अयोध्या पहुंचाएगी।

कुबेरेश्वर धाम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के आवागमन के बाद भी सीहोर जिला मुख्यालय पर रेलवे स्टेशन होने के बावजूद रेल सुविधाओं के मामले में हमेशा सीहोर की उपेक्षा होती है। इसी कड़ी में हाल ही में शुरू हुई इंदौर-अयोध्या स्पेशल ट्रेन का सीहोर स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं देने के रेल विभाग के निर्णय की हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने स्टॉपेज देने की मांग की है। केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र के माध्यम से कहा है कि अयोध्या में पीएम नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में राममंदिर बन रहा है। करोड़ों लोगों का वर्षों का सपना अब साकार हुआ है।

ऐसे में सीहोर जिले में रहने वाले लाखों राम भक्तों की आस्था को ध्यान में रखते हुए इंदौर से अयोध्या धाम के बीच जो स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। उसका सीहोर में स्टॉपेज नहीं होने से सीहोर के नागरिकों में गहरी निराशा है।

### गोहिया की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि और काव्य गोष्ठी आज



**सीहोर।** जिले के वरिष्ठ साहित्यकार स्वर्गीय रमेश गोहिया की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर पटेल मार्केट स्थित रुकमणी गार्डन में पुष्पांजलि एवं विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सृजन साहित्य परिषद के बेनर तले दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। इसमें शहर के साहित्यकार, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक आमंत्रित हैं।

## समाज के लिए अभिश्राप मादक पदार्थः आशीष




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साईं प्रोद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय पचामा सीहोर ने राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी की 76वी पुण्यतिथि मनाई। जिसके अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता व प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई।

सस्थांन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गार्गी सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित की और इसके बाद सस्थांन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों के बी प्रमाण पत्र की परीक्षा आयोजित की गई साथ ही संस्थान के वरिष्ठ स्वयंसेवक आशीष मेवाड़ा ने मध्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत स्वयंसेवकों को मानक पदार्थ से बचने की सलाह दी और समाज में भी लोगों को मादक पदार्थों से दूर करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक सचिन परमार,अरविंद सेन, ज्ञानेश्वर कराले,विधि शर्मा,विशाल हारोड़े,राम पाटीदार,वैभव राठौर शिवानी, गोलू सहित संस्थान के समस्त रा.से.यो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## अतिथि शिक्षकों ने कांग्रेस नेता को सौंपा मांग पत्रः पूर्व महासचिव पंकज शर्मा बोले : मांगें तुरंत पूरी करे सरकार



**सीहोर।** जिले के भैरूंदा ब्लॉक से बड़ी संख्या में सीहोर आए अतिथि शिक्षकों ने जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा से मुलाकात कर उनको अपना मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में मांग की गई है कि अतिथि शिक्षक सालों से कम वेतन में अपनी सेवाएं शासन को दे रहे हैं उनको तत्काल नियमित किया जाना चाहिए।

अतिथि शिक्षकों ने कहा कि कम वेतन के कारण हमारा परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा है तथा सरकार का हमारी ओर कोई ध्यान नहीं है, जबकि हमारे क्षेत्र से ही आने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय विधायक शिवराज सिंह चौहान ने 2 सितंबर 2023 को अतिथि शिक्षक महापंचायत में घोषणा की थी कि अब हमारा अनुबंध पूरे 12 महीने के लिए होगा लेकिन वो होना तो दूर उल्टे हमारे कई साथियों को सेवा से हटाए जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

उन्होंने अतिथि शिक्षकों को नियमित करने या किसी और विभाग में सिविलियन किए जाने की मांग की है तथा बीच सत्र में हटाए जाने के आदेश को वापस लिए जाने का आग्रह किया है। अतिथि शिक्षकों ने ऐसे भेदभावपूर्ण और अमानवीय निर्णय के खिलाफ पंकज शर्मा और कांग्रेस पार्टी से समर्थन मांगा है।

जिस पर पंकज शर्मा ने अपने तथा अपनी पार्टी की तरफ से अतिथि शिक्षकों को पूर्ण समर्थन और सहयोग करने का वचन दिया है तथा शासन से उनकी मांगों के लिए लड़ने तथा उनको पूरी कराने हेतु कांग्रेस पार्टी द्वारा संघर्ष करने सहित बड़ा जन आंदोलन करने का भी आश्वासन दिया है।

पंकज शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से अतिथि शिक्षकों की मांगों के साथ है और भविष्य में भी उनकी मांगों को माने जाने हेतु आंदोलन सहित जो भी जरूरत होगी वो प्रयास करने हेतु वचनबद्ध है। इस मौके पर बड़ी संख्या में भैरूंदा क्षेत्र से आए अतिथि शिक्षक व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि और कुष्ठ उन्मूलन की शपथ ली गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सीएमएचओ कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कुष्ठ पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि कुष्ठ पखवाड़ा पूरे जिले में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जायेगा।

इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी क्षमा बर्वे ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व रोगमुक्त हुए रोगियों की जांच व परिवार के सदस्यों की जांच करना व उनको प्रोफाईलिसिस ट्रीटमेंट किया जाएगा। प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर चर्मरोग निदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिले में समूह बैठक एवं विकृति बचाव शिविर आयोजित किए जाएंगे।

आशा तथा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को नए कुष्ठ रोगी खोजने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कुष्ठ जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अंकित चाण्डक सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों उपस्थित थे।

**चिकित्सालय में मद्य निषेध संकल्प दिवस आयोजित :** जिला चिकित्सालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मद्य निषेध संकल्प दिवस आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि मद्य निषेध के साथ ही मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने एवं संस्थानों को तम्बाकू उत्पाद उपयोग मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. नेहा सिंह, सहायक प्रबंधक जिला चिकित्सालय द्वारा अधिकारी कर्मचारियों को मद्य निषेध की शपथ दिलाई गई।

**पहले शासकीय मुद्रणालय बाहर के निजी प्रिंटर से मुद्रण का कार्य करवाता था**

# राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने किया मुद्रणालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय मुद्रणालय की कार्यप्रणाली में हुए सुधार पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने अधिकारी/कर्मचारियों की सराहना की। राजस्व मंत्री श्री वर्मा मंगलवार को शासकीय मुद्रणालय का निरीक्षण कर रहे थे।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने शासकीय मुद्रणालय में प्रिटिंग प्रोसेस का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रिटिंग के लिये खरीदी गई आधुनिक नई मशीनो से प्रिटिंग में आई तेजी की प्रशंसा की। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि शासकीय मुद्रणालय पहले घाटे में था वर्तमान में अग्रिम भुगतान प्राप्त होने पर मुद्रण किए जाने से अब यह घाटे से उबर चुका है। मुद्रणालय में सभी प्रकार की शासकीय प्रकाशन सामग्री का मुद्रण किया जाता है। पहले शासकीय मुद्रणालय बाहर के निजी प्रिंटर से मुद्रण का कार्य करवाता था। अब ऐसा नहीं होता। वर्ष 2024 के शासकीय कैलेंडरों एवं नोटबुक का मुद्रण लगभग 2 दशक उपरांत शासकीय मुद्रणालय में किया जा रहा है। अब 100 प्रतिशत मुद्रण कार्य शासकीय मुद्रणालय में किया जा रहा है। बाहर की किसी भी निजी प्रिटिंग प्रेस से कार्य नहीं करवाया जाता। प्रिटिंग के लिये शासकीय मुद्रणालय कागज खरीदने के लिये टेण्डर प्रक्रिया को अपनाता है एवं प्रशासकीय अनुमोदन उपरांत क्रय की कार्यवाही की जाती है। नियंत्रक शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री श्री चंद्रशेखर वालिंबे ने बताया कि शासकीय मुद्रणालय में जापान निर्मित आधुनिक टेक्नोलॉजी की 4 कलर मशीन, डिजिटल मशीने, प्रोग्रामिक पेपर कटिंग मशीन, स्टिचिंग मशीन आने से प्रिटिंग कार्य की गुणवत्ता में सुधार हुआ है एवं उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है।

मुद्रण विभाग की तीन इकाई का भोपाल मुद्रणालय में संविलियन होने से प्रदेश के समस्त 52 ज़िलों की निर्वाचन सामग्री जैसे फ़ार्म, पुस्तिका, EVM का मुद्रण भोपाल में किए जाने का निर्णय लिया गया (पूर्व में यह कार्य चार प्रेस में होता था) अब भोपाल प्रेस में यह कार्य किया जा रहा है। नियंत्रक ने नई और प्रिंटिंग मशीन खरीदने की बात कही। उप नियंत्रक शासकीय मुद्रणालय बिलास मंथनवार, लॉरेंस रॉबर्टसन, सहायक नियंत्रक श्रीनिवासा डी सी और अन्य अधिकारी निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे ।

## समाधान आपके द्वार के तहत 24 को होगा न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण

**सीहोर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में 24 फरवरी को ''समाधान आपके द्वार'' के अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में विशेष लोक अदालत शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समस्त आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, पारिवारिक न्यायालय के प्रकरण, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, मोटरयान अधिनियम, एनआईएक्ट, म.प्र. आबकारी अधिनियम, विद्युत प्रकरण, वन, नगरीय निकाय तथा राजस्व आदि विभागों के लंबित तथा प्रि-लिटिगेशन मामलों को जिले के समस्त न्यायिक तथा राजस्व न्यायालयों तथा सम्बंधित विभागों के सक्षम प्राधिकारियों द्वारा चिन्हित कर निराकृत किया जावेगा। ''समाधान आपके द्वार'' के अंतर्गत सीहोर जिले को अनुभागवार/जनपदवार क्लस्टर में विभाजित किया जावेगा तथा प्रत्येक क्लस्टर के लिए ग्राम पंचायत वार बीटगार्ड, आरक्षक, प्रधान आरक्षक, पटवारी, कोटवार, लाइनमेन आदि को सम्मिलित करते हुए लेवल 01 के दल का गठन किया जा रहा है। इन दलों के द्वारा चिन्हित प्रकरणों/मामलों में सम्बंधित ग्राम में जाकर पक्षकारों के मध्य समझाइश के माध्यम से राजीनामे का प्रयास किया जावेगा तथा राजीनामा हेतु पक्षकारों की सहमति होने पर सम्बंधित विभाग/न्यायालय के समक्ष निराकरण हेतु रखा जाएगा।


### 119.95 करोड़ की लागत से बनेगी 5.69 किलोमीटर बायपास सड़क

# ब्यावरा को मिली एक और बायपास की सौगात केंद्रीय मंत्री गडकरी ने वर्चुअलि किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

नगर को एक ओर बायपास की सौगात मिल गई हैं। भोपाल में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने वर्चुअल भूमि पूजन किया हैं। बायपास निर्माण से जहां एक ओर नगर में वाहनों का दबाव कम हो जाएगा, वहीं नगर विकास को भी उम्मीदों को भी अवसर मिलेगा। प्रदेश की 10 नई परियोजना में शामिल ब्यावरा बायपास का वर्चुअल भूमि पूजन मंगलवार को भोपाल में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने वर्चुअली किया।

इसकी लागत 119.95 करोड़ रुपए आएगी। जिससे लोधीपुरा जोड़ से गुना बायपास एरिया तक 5.69 किलो मीटर लंबे मार्ग का निर्माण होगा। बायपास से क्षेत्र एवं स्थानीय नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। ज्ञातव्य है कि लंबे समय से यह प्रोजेक्ट अटका हुआ था। जमीनें चिह्नित करने के लिए चली लंबी खींचतान और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण यह लगातार टलता गया। अब फाइनली इसका काम स्वीकृत हो चुका है। नक्शे के अनुसार ब्यावरा से लगे अरन्या और हबीपुरा दो गांवों की जमीनें इसमें आ रही है, इनसे होता हुआ यह बायपास सुठालिया-ब्यावरा-सिरोंज मार्ग पर जुड़ जाएगा। जिससे काफी राहत वाहन चालकों को मिलने वाली है। हालांकि




फिलहाल काम शुरू नहीं होगा, किंतु जल्द ही इसे चालू कराने की तैयारी की जा रही है। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने अन्य परियोजनाओं का भी लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया हैं। जिसमें जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

#### दो गांवों के 90 किसानों की जमीन जाएगी

जानकारी के अनुसार गुना तिराहें से सुठालिया रोड तक बनने वाले 5.69 किलो मीटर बायपास में अरन्या और हबीपुरा की जमीनें प्रभावित हुई हैं। जिनमें करीब 90 किसानों की जमीन जुड़ी है। ग्रीन लैंड से होकर यह बायपास निकलना है। जिसकी कागजी खानापूर्ति किए जाना अभी शेष है। काम के लिए निर्माण एजेंसी फाइनल हो चुकी है, जल्द काम होने की स्थिति में है, परंतु अभी जमीनी मामले निपटने के बाद ही आगे का काम चालू किया जाएगा।

#### ऐसा होगा बायपास

स्थानीय प्रशासन, पीडब्ल्यूडी-एनएच के अनुसार इस बायपास के निर्माण की लागत 119.95 करोड़ आएगी, जिसके जरिए 5.69 किलो मीटर सडक का निर्माण होगा और 12 मीटर चैड़े टू-लेन मार्ग बेनगा। इसमें 10 मीटर की सडक में 1-1 मीटर के फुटपाथ होंगे। 90 किसानों में से 55 किसानों की जमीन का निराकरण हो चुका हैं, 15 प्रक्रिया में हैं और 20 किसान अभी भी बचे हुए हैं।

#### फिलहाल काम शुरू नहीं होगा....?

इस बायपास के प्रकरण में अभी भी जमीन के मामले रोड़ा बने हुए हैं। 90 किसान प्रभावित हुए हैं, सभी की कृषि योग्य भूमि है। ऐसे में उनका निपटारा होना है। वह होने तक काम शुरू नहीं हो पाएगा। 55 ही किसानों की जमीनों का निपटारा हो पाया है। 15 प्रक्रिया में हैं, 20 किसानों के मामले अलग से निपटाना है। कई में जमीनी विवाद है, कई अन्य विवाद हैं। इन सभी को क्लीयर होने और 90 प्रतिशत जमीन मिलने के बाद ही काम शुरू हो पाएगा।

## खुशियों के ओटले पर किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह



**ब्यावरा।** सिटी पुलिस थाने के पीछे जन सहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले पर सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें अनेकों प्रतिभाशाली बच्चों को उनके परिवार जनों के सामने सम्मान कर उनकी प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन किया गया ओटले के संचालक डॉ सुरजीत सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर खुशियों के ओटले के बच्चों द्वारा एक अद्भुत नारी शक्ति को समर्पित प्रस्तुति दी गई थी जिसमें शामिल सभी बेटियों का ओटला परिवार द्वारा सम्मान किया गया , जिसमें ब्यावरा शहर में पहली बार इस अवसर पर बेटियों द्वारा अखाड़ा खेल कर सभी लोगों का मन मोह लिया गया था ,भारत की बेटी किसी से कम नही है को पुरुषार्थ करते हुए बेटियों ने तलवार डंडे वा चक्र चलकर अपनी बहादुरी का जोहर दिखाया ,डॉ सिंह ने बताया हमने बेस्ट ईयर स्टूडेंट अवार्ड बेस्ट टीचर अवार्ड अनुशासन अवार्ड सहित विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बच्चों का सम्मान यहां पर किया गया है ,इसमें नेहा वाल्मीकि को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड दिया गया वहीं नंदिनी कुशवाहा को बेस्ट टीचर का अवार्ड गरिमा शर्मा को बेस्ट कोऑर्डिनेटर अवार्ड सलोनी वर्मा कनक विश्वकर्मा नेहा वाल्मीकि पायल वाल्मीकि अभिषेक विश्वकर्मा दीपक जाटव प्रिया महावर ज्योति सोंधिया लक्ष्मी सोंधिया हर्षिता मेवाड़ रुपिंदर कौर शरण कौर सहित बड़ी संख्या में बेटे व बेटियों का सम्मान किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष मित्तल पब्लिक स्कूल के मैनेजर संजू कुमार सोनी ने की वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर डॉ रमेश वर्मा ने की इस मौके पर विनोद साहू अनीता कौर मेहनाज खान शाहिद बड़ी संख्या में परिवारजन वह बच्चे मौजूद रहे । 'गणतंत्र दिवस पर खुशियों के ओटले के संचालक का उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मान'।

## मनरेगा मजदूरों के लिए नियमों में हुआ बड़ा बदलाव अब मजदूरों के लिए बैंक से मिलेगा पैसा



**ब्यावरा।** देशभर में नरेगा मजदूरों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है, क्योंकि सरकार ने नरेगा का भुगतान करने के नए नियमों का एलान किया है। इस नए फरमान के तहत, अब मजदूरों को उनकी मजदूरी का पैसा सीधे उनके बैंक खाते में जमा किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या कालाबाजारी को रोका जा सकेगा। सरकार द्वारा जारी किए गए नए नियमों के अनुसार अब सभी मनरेगा मजदूरों को उनके किए गए काम का पैसा आधार कार्ड के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। यह नया नियम मजदूरों को सीधे और निष्कर्ष रूप से उनके हक का लाभ दिलाने का माध्यम बनेगा और धोखाधड़ी को कम करने में मदद करेगा। मजदूरों की मजबूती के बावजूद, कई बार ऐसा होता था कि मजदूरों को उनकी मजदूरी का मूल्य सही से नहीं मिलता था और इसमें ग्राम प्रधान या अन्य स्थानीय अधिकारी का हस्तक्षेप होता था। इस समस्या को हल करने के लिए नए नियमों को लागू किया गया है, जिससे हर मजदूर को उसकी कमाई सीधे उसके खाते में मिलेगी। इस नए नियम के अनुसार, मनरेगा मजदूरों को उनकी मजदूरी का मूल्य सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। इसके लिए आधार कार्ड का प्रयोग किया जाएगा, जिससे सभी लेन-देन का स्पष्ट रूप से निरीक्षण हो सकेगा।

#### गड़बड़ी पाई गई तो होगी कार्रवाई

केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत काम करने वाले सभी ग्राम प्रधानों और अन्य उच्चाधिकारियों की गतिविधियों की जाँच करने का निर्णय लिया है। इस नए नियम के तहत, यदि किसी ग्राम प्रधान या अधिकारी के खिलाफ किसी भ्रष्टाचार की कोई शिकायत मिलती है तो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और पूरा पैसा वसूला जाएगा। इसके अलावा, नए नियमों के अनुसार डाटा फाइलों की चेकिंग की जा रही है, जिससे पिछले कुछ सालों में हुए घोटालों का पता लगाया जा सकेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी। इससे नरेगा के क्षेत्र में भ्रष्टाचार को रोकने में मदद मिलेगी और स्थानीय स्तर पर उच्चतम ईमानदारी और निष्कर्षता को बढ़ावा मिलेगा।

#### जहर खाकर अधेड़ ने दी जान

**ब्यावरा।** राजगढ़ तहसील के ग्राम लक्ष्मणपुरा निवासी मोरसिंह पिता काषीराम उम्र 50 साल ने अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार को जहर खा लिया। परिजन उसे ब्यावरा के एक निजी अस्पताल में लेकर आए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सिटी थाना पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की और प्रकरण कायम कर मामले को जांच में लिया।

#### महाविद्यालय में नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**ब्यावरा।** स्थानीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय में शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. आरके गुप्ता ने मद निषेध की शपथ दिलाई तथा दो मिनिट का मौन भी धारण किया गया। इसमें महाविद्यालयीन परिवार के साथ ही एनसीसी, एनएसएस एवं अन्य विद्यार्थियों शामिल हुए।

## मालवीय का अधिवक्ता मंच संभागीय मीडिया प्रभारी मनोनित होने पर किया सम्मान



**शुजालपुर।** बुधवार को स्थानीय शुजालपुर न्यायालय परिसर स्थित डॉ बीआर अंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकुमार वलेजा ने मंच प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना की सहमति से मंच संभागीय मीडिया प्रभारी के रूप में शुजालपुर के युवा एडवोकेट अमित मालवीय पत्रकार को नियुक्त किया गया है। मालवीय की नियुक्ति पर शुजालपुर न्यायालय परिसर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में साफा पहनाकर मोतियों की माला से स्वागत सम्मान करते हुए अधिवक्ता मंच को और भी अधिवक्ताओं के हितों में कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर मंच शहर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सिसौदिया, वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप गुर्जर, मांगीलाल मालवीय, विष्णु राठौर, जितेंद्र मेवाड़ा, श्रीमती पिंकी अग्रवाल, ज्योति भिमावत, प्रतिभा मेवाड़ा, जीवन बामनिया, रजनीश भमेंरिया, नरेंद्र मालवीय आदि अधिवक्ता मंच के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### ग्राम बागौरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का पांचवां दिन

## विकारों के कारण बढ़ रहे हैं पापाचार, अत्याचारः सुरेखा दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विष्व विद्यालय के तत्वावधान में ग्राम बागौरी में सप्त दिवसीय श्रीमद् भगवत गीता प्रवचन के पांचवे दिन राजयोगिनी सुरेखा दीदी ने कहा कि मनुष्य के दुख का मूल कारण विकार है। मानव का आदिकाल बहुत श्रेष्ठ था, जब हम इस धरा पर आए तो वह समय सतयुग का था। मानव देव स्वरूप में था। धीरे-धीरे समय के परिवर्तन के साथ सतयुग से त्रेतायुग का समय आया तब भी मानव में पवित्रता, सुख, शांति ,आनंद, खुशी से संपन्न था। इस कालचक्र में यह आधा समय स्वर्ग



कहलाता था जब द्वापर युग प्रारंभ हुआ तो मानव में 16 कला से आठ कला रह जाती है। तब मानव काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि विकारों के वशीभूत हो जाता, तब इस संसार में पापाचार, भ्रष्टाचार, दुराचार, अत्याचार बढने लगे। इससे बचने के लिए संसार में धर्म गुरुओं के द्वारा शांति, प्रेम, अहिंसा, दया का पाठ पढ़ाया गया। वर्तमान में जनसंख्या विस्फोट, बढ़ता प्रदूषण, प्राकृतिक असंतुलन, मिलावट, बनावट, भ्रष्टाचार आदि अपनी चरम सीमा पर है। यह वह धर्मग्लानि का समय आ गया है, जो गीता में वर्णित है ऐसे में सृष्टि का उद्धार करने के लिए पतित पावन सर्व के सद्गतिदाता परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर अवतरित होकर ईश्वरीय ज्ञान और सहज राजयोग सीखते हैं। जिससे यह संसार कलयुगी नर्क से बदल सतयुगी स्वर्ग बनेगा। मनुष्य को अपनी अंतरात्मा की आवाज को अवश्य ही सुनना चाहिए, क्योंकि यही हमारा सच्चा मित्र है। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलवर यादव, समाजसेवी मुकेश सेन, बिहारीलाल चैधरी उपाध्यक्ष सेवा भारती, डॉ. अशोक अग्रवाल व नवयुवक समिति बागौरी के युवाओं द्वारा श्रीमद् भगवत गीता की आरती व पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## अखाड़े में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का खुशियों के ओटले पर किया समारोह पूर्वक सम्मान

**ब्यावरा।** सिटी पुलिस थाने के पीछे जन सहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अनेकों प्रतिभाशाली बच्चों को उनके परिवार जनों के सामने सम्मान कर उनकी प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन किया गया। ओटले के संचालक डॉ. सुरजीतसिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर खुशियों के ओटले के बच्चों द्वारा एक नारी शक्ति को समर्पित प्रस्तुति दी गई थी, जिसमें शामिल सभी बेटियों का ओटला परिवार द्वारा सम्मान किया गया। शहर में पहली




बार बेटियों द्वारा अखाड़ा खेलकर लोगों का मनमोह लिया था, भारत की बेटी किसी से कम नही है को पुरुषार्थ करते हुए बेटियों ने तलवार डंडे व चक्र चलकर अपनी बहादुरी का जोहर दिखाया। डॉ. सिंह ने बताया कि हमने बेस्ट ईयर स्टूडेंट, बेस्ट टीचर, अनुशासन अवार्ड सहित विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बच्चों का सम्मान किया गया। इसमें नेहा वाल्मीकि को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड दिया गया, नंदिनी कुशवाहा को बेस्ट टीचर का अवार्ड, गरिमा शर्मा को बेस्ट कोऑर्डिनेटर अवार्ड, सलोनी वर्मा, कनक विष्वकर्मा, नेहा वाल्मीकि, पायल वाल्मीकि, अभिषेक विष्वकर्मा, दीपक जाटव, प्रिया महावर, ज्योति सौंधिया, लक्ष्मी सौंधिया, हर्षिता मेवाड़े, रुपिंदर कौर, शरण कौर सहित बड़ी संख्या में बेटे व बेटियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष मित्तल पब्लिक स्कूल के मैनेजर संजू कुमार सोनी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. रमेश वर्मा थे। इस मौके पर विनोद साहू, अनीता कौर, मेहनाज खान, शाहिद बड़ी संख्या में परिवारजन वह बच्चे मौजूद रहे।

## ओडीएफ प्लस मॉडल में प्रथम आने पर सारंगपुर जपं सीईओ सिंह को मिला प्रशस्ति पत्र



**सारंगपुर।** जनपद पंचायत सारंगपुर में पदस्थ जनपद पंचायत सीईओ प्रमोद कुमार सिंह को विभागीय उत्कृष्ट कार्य करने हेतु गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। जिले की प्रथम पंचायत 22 जनवरी 2024 को संपूर्ण ग्रामों को ओडीएफ माडल करते हुए जिले की प्रथम जनपद पंचायत सारंगपुर माडल घोषित होने पर उन्हें सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि सारंगपुर जनपद पंचायत जिले की एक मात्र ऐसी पंचायत है जिसे स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस दोनों राष्ट्रीय पर्व पर सम्मानित किया गया। इसमें उन्हें 183 का लक्ष्य था जिसमें उन्होंने 183 यानि लक्ष्य से पुरा किया। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत 31 मार्च 2023 तक ओडीएफ प्लस की किसी श्रेणी में ओडीएफ प्लस घोषित पंचायत को राशि 1 लाख रुपये एवं माडल श्रेणी में ओडीएफ प्लस जनपद पंचायत को 3 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि आईईसी मद से पीएफएमएस पोर्टल पर सारंगपुर जनपद पंचायत को प्रदान की गई हैं। इसके लिए यह पुरुस्कार दिया गया है। इस मौके पर जिला कलेक्टर हर्ष दीक्षित, जिपं सीईओ अक्षय तेम्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### नपा वैकल्पिक व्यवस्था में जुटी, जल संग्रहण के लिए भी टंकियों का जरूरत

# पेयजल व्यवस्था चरमराई, लोगों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

गर्मी का मौसम अभी दूर हैं, इसके बाद भी ब्यावरा शहर के रहवासियों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा हैं। कई क्षेत्रों में एक सप्ताह में एक बार जल आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में लोगों को पैसे खर्चकर पानी खरीदना पड़ रहा हैं। हालात कब सुधरेंगे, इसका स्पष्ट जबाव किसी के पास नहीं हैं। हालांकि नगर पालिका का कहना है कि शहर की जलप्रदाय व्यवस्था सुचारू हो सकें, इसके लिए वैकल्पित उपाय खोजे जा रहे हैं। जल्द ही ब्यावरा शहर में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

#### जलीय मोटरें से गड़बड़ाई व्यवस्था

शहर में कुशलपुरा व घोड़ापछाड़ से जल प्रदाय किया जाता हैं, लेकिन पिछले सप्ताह एक साथ कई मोटरें जलने से टंकियों में पानी एकत्रित नहीं हो सका। फलस्वरूप पूरे शहर में जल संकट खड़ा हो गया हैं। सोमवार को मोटरें सुधरने के बाद टंकियों में पानी इकट्ठा कर जल प्रदाय व्यवस्था बहाल की गई।

#### पर्याप्त पानी के बाद भी जल संकट

ऐसा नहीं हैं कि ब्यावरा शहर के लिए जल उपलब्ध नहीं हैं, शहर के नजदीक कुषलपुरा में पर्याप्त पानी हैं, लेकिन खराब जल प्रबंधन व संग्रहण क्षमता की कमी के चलते शहर में हमेषा जल संकट व्याप्त रहता हैं। इसके साथ



साथ प्याप्त संख्या में टंकियों के न होने से भी हालात नहीं सुधर पा रहे हैं। संग्रहण क्षमता के वृद्धि किए वगेर शहर की जल व्यवस्था नहीं सुधर सकती। गुलाबषाह की बावड़ी क्षेत्र में बन रही टंकी 6 वर्ष में भी पूर्ण नहीं हो सकी हैं, अगर यह टंकी समय पर निर्मित हो जाती तो सुठालिया रोड क्षेत्र की बस्तियों को राहत मिल सकती थी, इसके अलावा जल आवर्धन योजना के तहत 10 करोड़ की लागत से डाली गई पाइप लाइन गुणवत्ताहीन होने के कारण कई स्थानों पर फूटी



हुई हैं। ऐसे में पहले से ही जल संकट से जुझ रहे शहर में पानी का अपव्यय हो रहा हैं। पाइप लाइन डालने वाली कंपनी षिकायत किए जाने पर भी सुधारीकरण कार्य नहीं कर रही हैं। इनका कहना है कि नपा द्वारा अभी तक उनकों पूर्ण राषि का भुगतान नहीं किया गया हैं। कुल मिलाकर शहर पिछले 40 वर्षां से जल संकट का दंष भुगत रहा हैं, लेकिन उचित प्रबंधन और योजना का अभाव रहने से जल संकट का समुचित हल नहीं हो पाया है।

#### मोहनपुरा डेम से लाएंगे पानी

शहर के जल संकट के संबंध में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुषवाह ने बताया कि मोहनपुरा एक वृहद परियोजना हैं और वहां प्रचूर मात्रा में जल उपलब्ध हैं। इसका बेकवाटर ब्यावरा शहर से 10 किलो मीटर दूर हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए हमारे द्वारा शासन को 10 करोड़ की लागत से मोहनपुरा से ब्यावरा तक पाइप लाइन बिछाने की प्रोजेक्ट रिपोर्ट स्वीकृति के लिए भेजी गई हैं। हमें उम्मीद हैं कि जल्द ही इसे स्वीकृत किया जाएगा। इसके अलावा शहर के दूसरे क्षेत्रों में टंकियों के निर्माण के लिए समग्र योजना तैयार की गई है और बजट स्वीकृत होते ही इनका निर्माण होगा। टंकियों के निर्माण के बाद जल व्यवस्था में निष्चित ही आषातीत सुधार होगा।

खबर संक्षेप

## शांति सरोवर में मनाया राष्ट्रीय पर्यटक दिवस



**आष्टा।** ब्रह्माकुमारी शांति सरोवर में राष्ट्रीय पर्यटक दिवस नमस्ते कर मनाया गया। शांति सरोवर की प्रभारी ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने राष्ट्रीय पर्यटक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी पहचान है। सुबह से शाम तक हम जिससे भी मिले सभी से नमस्ते हमें जरूर करना चाहिए, यही हमारे देश की पहचान है। उन्होंने नमस्ते शब्द पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये शब्द संस्कृत के नमस शब्द से निकला है। जब हम एक दूसरे से नमस्ते करते है तो हममें नम्रता का भाव दिखता है ,अर्थात नमस्ते हमें सम्मान देना व झुकना सिखाता है। संस्था में आने वाले सभी भाई बहनों ने सर्वप्रथम परमात्मा को नमस्ते किया।

## शिक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**आष्टा।** माध्यमिक शाला नजरगंज में पदस्थ शिक्षक चंदू पठान के सेवानिवृत होने पर सम्मान किया। इस अवसर पर अजब सिंह राजपूत विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अमर सिंह परमार प्राचार्य कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, तरुण बैरागी बीआरसी आष्टा, महेंद्र मालवीय, हरेंद्र सिंह ठाकुर, फूलचंद सकेल, देवजी मेवाड़ा, सोनी प्रकाश मुंद्रा, सीताराम वर्मा व माध्यमिक शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### गांव हो या शहर नियम कायदे को ताक पर रखकर काट रहे अवैध कॉलोनी

# राजस्व मंत्री के गृह जिले में ही राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे अवैध कॉलोनाइजर





ग्राम लसूडलिया खास में कट रही कॉलोनी

### भू-माफिया नियमों को दरकिनार कर हर कही काट रहे अवैध कॉलोनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

सपनों के लुटरों के खिलाफ
हरिभूमि का अभियान

मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का एक बयान सामने आया था पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा था की ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, किसी भी प्रकार की गलत तरीके के काम नहीं होने दूंगा परंतु शहर हो या ग्रामीण इलाके में जमीन के कारोबार पर माफिया सक्रिय है। राजस्व मंत्री के गृह जिले में नियम कायदों को ताक पर रखकर कॉलोनी काटी जा रही है। कृषि भूमि का उपयोग बदलने के नियम का भी कड़ाई से पालन नहीं हो रहा है, जिसका फायदा माफिया उठा रहे हैं। यह खेल सियासत से गठजोड़ और प्रशासनिक स्तर पर सेटिंग से चल रहा है। इसमे ना केवल सरकार को राजस्व के रूप में नुकसान पहुंचा जा रहे है, बल्कि अनधिकृत कॉलोनी में प्लाट खरीदने वालों को भी ठगा जा रहा है।

### कृषि भूमि पर काट रहे प्लॉट

नियमों के विपरीत अधिकांश कॉलोनिया कोठरी शहर के वाआसपास ग्रामीण क्षेत्र मैं धड़ल्ले से चल रहा है, कोठरी मे वार्ड नंबर चार ,मैनाखेड़ी रोड,मानाखेड़ी रोड,गवाखेड़ा और हाइवे किनारे दारू के ठेके के सामने काटे जा रहे है ऐसा ही मामला आष्टा जनपद के ग्राम लसुलिया से रोड के किनारे भी काटी जा रही है, बिना नियम कायदे के प्लाट काटे और बेचे जा रहे हैं, इस खेल में शामिल भूमाफियाओं द्वारा किसानों से कृषि भूमि को सस्ते दाम पर खरीदा जा रहा है।, भूमि को कृषि उपयोग दर्शाकर खरीदा जाता है, लेकिन फिर उसमें कॉलोनी कटनी शुरू कर दी जाती है, क्योंकि कृषि भूमि की रजिस्ट्री करने में स्टेम शुल्क कम लगता है, जबकि आवासीय और व्यावसायिक उपयोग के लिए रजिस्ट्री कराने में 6 गुना तक ज्यादा स्टेम शुल्क जमा करना पड़ता है।

### सपनों के सौदागर दिखा रहे बड़े-बड़े सपने

भू माफिया दलाल के द्वारा प्लाट बेचने के काम को अंजाम देते है। जिनका कमीशन रहता है, दलाल बड़ी-बड़ी चिकनी चुपड़ी बातें बताकर मकान बनाने की चाहत रखने वाले को ठगते हैं, मेहनत की गाड़ी कमाई ऐसे लूटते हैं सपनों के सौदागर बड़े-बड़े सपने दिखाकर सुविधा देने की बात की जाती है, पर प्लांट बिकने के बाद रफू चक्कर हो जाते हैं क्या होगा उनका? सुविधा तो कोसों दूर रहता है।, ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है। कई भू माफियाओं पर एफआईआर दर्ज होने के बाद भी किसी प्रकार का कोई भय नहीं है खुलेआम काटी जा रही हैं कालोनियां।



ग्रामीणों को भी नहीं छोड़ रहे झूठे सपनों के सौदागर, हाइवे किनारे काट रहे कॉलोनियां

जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते जिस भूमि पर कभी खेती होती थी, वहां अब कट रही अवैध कॉलोनियां

### चिन्हित किया है, करेंगे कार्रवाई

नगरपरिषद कोठरी से किसी प्रकार की कोई भी परमिशन नहीं ली गई है। क्षेत्र में जो भी कॉलोनियां काट रहे है उन्हे चिन्हित कर लिए है, जल्द ही नोटिस भेजे जाएंगे।

**नरेंद्र जाटव,** सीएमओ नगर पंचायत कोठरी

### जल्द ही शुरू होगी कार्रवाई

मेरे द्वारा पहले भी करीब 80 अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर एफआईआर की गई थी, चुनाव और विकसित भारत यात्रा से समय नहीं मिल पा रहा है जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**आनंद सिंह राजावत,** एसडीएम आष्टा

# मनीपुरा डेम की नहर में लगे पाइप हो रहे चोक

### किसानों को उठानी पड़ रही परेशानी



**आष्टा।** इस प्रकार नहर के पाइप को पूरा दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बडघाटी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनीरामपुरा डेम से निकली नहर के माइनर एक में पानी जाता है ,जिससे किसानों के खेत की पूर्ति हो जाती है लेकिन दूसरे माइनर से जो पानी जाता है वह नाले में ही जाता है। जो नाले से होता हुआ सीधा रोलागांव नदी में मिल जाता है ।तीसरी माइनर में जो पानी जाता है वह भी किसानों की खेत की पूर्ति कर देता है लेकिन चौथे माइनर में पानी नहीं जाता है जब पानी जाता है, तो ग्राम बडघाटी के किसान उस माइनर को पूर देते हैं।

जिससे चौथे माइनर में पानी नहीं जाता है और किसानों को पानी नहीं मिल पाता है। जिन किसानों की चौथी माइनर में जमीन लगी हुई है ,वह किसान जब माइनर को खोलने जाते हैं तो ग्राम बडघाटी के किसान लड़ाई -झगड़ा करते हैं ।एक- दूसरे को मारने के लिए आतुर हो जाते हैं। कुछ दिन पहले सभी किसानों में आपसी सहमति बनी थी कि चौथे माइनर में एक 6 इंची पाइप लगा दिया जाए जिससे चौथे माइनर में हमेशा पानी जाता रहेगा। जिससे किसानों को पानी मिलता रहेगा। लेकिन बडघाटी के किसानों ने फिर उस पाइप को भी पूर दिया ,जिससे चौथे माइनर के किसानों को पानी नहीं मिल रहा है ।

चौथे माइनर के किसानों का कहना है कि जिस अधिकारी ने यह माइनर में पाइप लगवाया था और माइनर को कांक्रीट से पुरवाया था , जिसे अधिकारी को आकर अब उस माइनर की कांक्रीट को फूडवाना चाहिए ।जिससे चौथे माइनर के किसानों को पानी मिल सके। अगर ऐसा नहीं हुआ तो किसी दिन किसी किसान की जान जा सकती है ।दोनों तरफ के किसान लड़ाई में किसी दिन मर सकते हैं।

नहर से बहुत सारी अवैध पाइप लाइन भी गाड़ी हुई है। अवैध पाइप लाइन से 2 किलोमीटर दूर तक पानी जाता है।

### पानी नहीं छोड़ने के कारण बिगड़ी स्थिति

प्राप्त जानकारी के अनुसार नहर के पांचवें माइनर तक पानी ही नहीं पहुंच पाता है नहर सूखी पड़ी हुई है। नहर में लगातार पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। नहर को बंद चालू ,बंद चालू किया जाता है ।रात में नहर को बंद कर दिया जाता है। मनीरामपुरा डेम नहर के मामले में कही चौकीदार मनमानी कर रहा है तो कही किसान आपस में ही विवाद कर हठधर्मिता कर रहे,इस कारण कुछ किसान पानी से वंचित हो रहे। सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित मनीरामपुरा डेम सिंचाई परियोजना आज किसानों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गई है। इसकी मुख्य वजह सिंचाई विभाग द्वारा मनीरामपूरा सिंचाई तालाब पर सेवारत चौकीदार भी नहर में पानी छोड़ने में पूरी तरह से मनमानी करता है और स्वार्थ वशीभूत होकर कार्य करता है ।इस कारण नतीजा यह है कि चौकीदार नहर में पानी इतनी कुशलता से छोड़ता है की जिन किसानों से उसे आर्थिक लाभ मिलता है, उन्ही माइनर में पानी पहुंच रहा है , इतना ही नहीं मुख्य नहर और मनीरामपुरा में बहुत सारी अवैध पाइप लाइन भी गड़ी हुई है। करीब बीस अवैध पाइप लाइन से लगभग 2 किलोमीटर दूर तक पानी जाता है , तो दूसरी ओर आलम यह है कि पांचवी माइनर में तो पानी आज भी नही जाता।

# स्पेक्ट्रम 2024 प्रदर्शनी का किया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अभिभावक शिक्षक बैठक और स्पेक्ट्रम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में नर्सरी से कक्षा 9 तथा 11 के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मॉडल प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के कई मॉडल आकषर्ण का केंद्र बने रहे।प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने हिंदी, अंग्रेजी, कंप्यूटर, गणित, विज्ञान, तथा सामाजिक विज्ञान आदि विषयों की विभिन्न प्रदर्शनी लगाईं। जिसमें स्वच्छ भारत, हमारा गांव, फसलों के प्रकार, एटीएम मशीन, डे एंड नाइट, एडजेक्टिव, कंप्यूटर सिस्टम, ज्योमैट्रिकल शेप्स,डिजास्टर मैनेजमेंट, गुरुकुल पद्धति, पुस्तक संग्रहालय, सोशल इंटीग्रेशन, प्रोबेबिलिटी, सोलर पैनल, हड़प्पा सभ्यता, ट्रिगोनोमेट्रीक पार्क, रेस्पिरेटरी सिस्टम, टेंस, डोमेस्टिक एनिमल, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, सिनबाद एंड द स्ट्रेंज आइलैंड आदि मॉडल प्रदर्शित किए। जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल, बौद्धिक तथा मानसिक विकास करना है। इस आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय संचालक ध्रुवकुमार तिवारी, पायल अली, सैय्यद आदिल अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञान सिंह ठाकुर, प्राचार्या डॉ. संगीता सिंहा उपस्थित थे। प्राचार्या ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वन विभाग के अमले ने की कार्रवाई, मोटरसाइकल और सागौन की लकड़ी की जब्त, आरोपी रात के अंधेरे में फरार

**आष्टा।** मंगलवार रात्रि वन विभाग की टीम को गश्ती के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक मोटरसायकिल अवैध सागौन लकड़ी को लेकर ग्राम बड़झीरी की ओर जा रही है। जिसके बाद वन विभाग की टीम द्वारा उक्त स्थल पर निगरानी रखी तभी ग्राम गवखेड़ी से बड़झीरी की ओर एक मोरटसायकिल आती दिखाई दी, जिस पर अवैध सागौन लकड़ी लदी हुई थी। वन विभाग की टीम को देखकर मोटरसायकिल द्वारा भागने का प्रयास किया। टीम द्वारा उसका लगातार पीछा किया गया, जिसके बाद मोटरसायकिल चालाक अवैध सागौन लकड़ी सहित मोटरसायकिल को रास्ते में छोड़कर भाग गया। रेंजर राजेश चौहान द्वारा बताया गया कि मौके से एक मोटरसायकिल व चरपट लकड़ी 10 नग जप्त की गयी है, लकड़ी व वाहन की अनुमानित



कीमत 25 हजार आंकी गयी है। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।

# फसलों पर दवा का छिड़काव करें किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विगत एक सप्ताह से मौसम में परिवर्तन होने के कारण रबी मौसम की प्रमुख फसलें गेहूँ एवं चना फसल में रोग व कीटो के प्रकोप की पूरी संभावना बनी हुई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले के विभिन्न ग्रामों में कृषि विकास विभाग के मैदानी अमले एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों के खेतों का भ्रमण करके फसलों में आने वाली समस्याओं से रूबरू कराते हुये उनके बेहतर उपायों से कृषको को अवगत कराया जा रहा है। उप संचालक कृषि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा बताया गया कि चना फसल वर्तमान समय में पुष्पन, फलन वाली अवस्था पर है। इस अवस्था में मौसम में परिवर्तन जैसे दिन में न्यूनतम तापमान, हल्की बारिश होने के कारण पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सुचारू रूप से न होने के कारण चना फसल में पुष्पन प्रभावित होने के साथ-साथ फसल के पुष्प भी पीले पडकर सूख रहे है। जिसके चलते फसल में आर्थिक नुकसान होने की पूरी संभावना है और साथ ही फसल में चने की सुण्डी इल्ली के साथ-साथ उकटा व जड-सडन रोग के प्रकोप के कारण भी फसल सूख रही है। किसान भाईयो को सलाह है कि चना फसल की सुरक्षा के लिए इमामेक्टिन बेन्जोएट + प्रोफेनोफास 200 ग्राम/ एकड या क्लोरो इन्ट्रा निलीप्रोल + लेम्ब्डा साइलोथ्रिन 80 मिली/ एकड के साथ फ्लू पायराक्साइड + पायरो क्लोरो स्ट्रोबिन 150 मिली/ एकड या एजोक्सी स्ट्रोबिन + टेबू कोनोजोल 150 मिली/ एकड के साथ



एन:पी:के 19:19:19, 1 किग्रा/एकड से 150 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करे। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले की मुख्य फसल गेहूँ में भी वर्तमान समय में जड-माहू कीट व कठुआ इल्ली का प्रकोप प्रारम्भिक अवस्था से ही फसल पर बना हुआ है जिसके कारण फसल पीली पड़ कर सूख रही है व इल्ली के प्रकोप के कारण फसल की वानस्पतिक वृद्धि व बालियाँ प्रभावित हो रही है। अतः किसानो को सलाह है कि उक्त कीटो के निदान हेतु इमामेक्टिन बेन्जोएट + प्रोफेनोफास 200 ग्राम/एकड के साथ एन:पी:के 19:19:19, 1 किग्रा/ एकड की दर से 150 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करे। साथ ही कृषको को सलाह है कि अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए सतत कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको के सम्पर्क में रहे।

# सीएम राइज स्कूल में विद्यार्थियों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जलवायु के परिवर्तन से बच्चों पर खासा प्रभाव पड़ता है जैसे ही मौसम में बदलाव की शुरुआत होती है तो वायरल बुखार, इन्फेक्शन, सर्दी, खांसी आदि बच्चों को प्रभावित करते हैं। जिससे उनकी इम्यूनिटी पर भी प्रभाव पड़ता है उक्त विचार डॉक्टर अमित माथुर ने सी एम राइज विद्यालय में विद्यार्थियों हेतु लगाए गए विशेष जांच स्वास्थ शिविर में कहीं। प्रभारी शिक्षक अकबर सिद्दीकी ने बताया कि लगातार पड़ी ठंड से बच्चों के स्वास्थ के साथ उनकी पढ़ाई पर भी खासा प्रभाव पड़ा है। तथा मौसम के बदलाव से बच्चों में अक्सर खांसी,



सर्दी, जुकाम और बुखार की शिकायतें देखने को मिल रही थी। शिविर में लगभग 200 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ अमित माथुर, डॉ ब्रजेश साहू, डॉ देवकरण मालवीय, डॉ राहुल मालवीय,रवि लोधी के माध्यम जांच स्वास्थ परिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों की रिपोर्ट भी प्राप्त की गई यह तीसरा अवसर लगाए गए।

### विद्युत पेंशनर्स संघ का वार्षिक स्नेह मिलन सम्मेलन आयोजित

# पेंशनर्स की समस्याओं को हल करने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विद्युत पेंशनर्स संघ का वार्षिक स्नेह मिलन सम्मेलन गीतांजलि गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमें आमंत्रित अतिथि गण माननीय विधायक गोपाल इंजीनियर, विधायक प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, पूर्व जनपद अध्यक्ष धारा सिंह पटेल, किसान महासंघ जिला अध्यक्ष मान सिंह इलाही, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष डॉ इदरीश, अनोखी लाल खंडेलवाल, भाजपा शहर अध्यक्ष अतुल शर्म,ा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, व्यापारी महाप्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपेश राठौर, प्रजापति समाज अध्यक्ष राकेश प्रजापति, सीहोर




विद्युत पेंशनर्स संघ सीहोर के संरक्षक एसएल नरेडा, अध्यक्ष नरसिंह मेवाड़ा, सचिव तरूण गोसाई, विद्युत रक्षक संघ भोपाल के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, संरक्षक शैलेंद्र व्यास उपाध्यक्ष एके अवस्थी, एके सिंह सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में सभी आमंत्रित अतिथियों में अपने विचार व्यक्त किए। विधायक ने आश्वासन दिलाया के विद्युत कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान ट्रेजरी के द्वारा और पेंशन की गारंटी शासन द्वारा प्रदान की जाने चाहिए विषय में मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे। विद्युत विद्युत पेंशनर्स को विभाग के द्वारा निशुल्क चिकित्सा बीमा सुविधा नहीं है, उनको आयुष्मान योजना की सीमा में लाया जाएगा। उनको आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान करने के लिए चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन शाखा अध्यक्ष डॉ आरपी श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। आभार व्यक्त एलएस जोशी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल बनाने में कैलाश परमार हकीमाबाद, रमेश सोनालिया, राजेंद्र शर्मा, एआर अंसारी, आरके मित्तल, हरिनारायण शर्मा, केएस सोलंकी, सज्जन सिंह विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा।

# शासकीय शहीद भगतसिंह महाविद्यालय में मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में मंगलवार 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर प्रार्थना सभा के समय मद्यनिषेध दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा, एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता राय श्रीवास्तव, कुलदीप जाटव, डॉ. प्रेम सिंह, डॉ. कृपाल सिंह विश्वकर्मा तथा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में छात्र कृतिक जोशी के द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। छात्र ताहिर खान द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर कविता का वाचन किया गया। साथ ही छात्र कन्हैया बैरागी द्वारा गांधी जी के जीवन, व्रत और स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में बताया। इसी तारतम्य में छात्रा शबनम मंसूरी द्वारा गांधी जी के जीवन वृत पर प्रश्न पूछे गए जिनके उत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा दिए गए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिक जोशी, द्वितीय स्थान कन्हैया बैरागी व तृतीय स्थान ताहिर खान का रहा। अंत में समस्त महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मद्यनिषेध दिवस पर शपथ ली गई।